आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.11.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

<u>उपराष्ट्रपति</u>

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा है कि भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक–सी.ए.जी. सार्वजनिक वित्त में जवाबदेही और पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को कायम रखते हैं। उन्होंने यह बात आज नई दिल्ली में आयोजित लेखापरीक्षा दिवस समारोह में कही। उपराष्ट्रपति ने सी.ए.जी. को जनता के धन का संरक्षक बताया। उन्होंने यह भी कहा कि लेखापरीक्षा में निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा शासन की अखंडता को मजबूत करती है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि जैसे–जैसे देश विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है, सी.ए.जी. राजकोषीय अनुशासन और पारदर्शी शासन को मजबूत करने में भूमिका निभाता रहेगा।

<u>राष्ट्रीय प्रेस दिवस</u>

देश भर में आज राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस देश के लोकतंत्र को सशक्त बनाने में एक स्वतंत्र, जिम्मेदार और नीतिपरक प्रेस की भूमिका की पुष्टि करता है। आज ही के दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना हुई थी। परिषद ने आज ही के दिन वर्ष 1966 में एक स्वतंत्र नैतिक प्रहरी के रूप में कार्य करना शुरू किया था। इस वर्ष का विषय बढ़ती गलत सूचनाओं के बीच प्रेस की विश्वसनीयता की रक्षा पर केंद्रित है। राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाता है।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू कल नई दिल्ली में उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, क्षेत्रीय विकास, कानून व्यवस्था और अंतर्राज्यीय सहयोग जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री कांग्रेस संगठन और अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी हाईकमान से चर्चा करने के अलावा कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर सकते हैं। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता की ये रिपोर्ट........

*<u>बैठक में हिमाचल प्रदेश इस बार पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा विवाद, नशा तस्करी पर संयुक्त रणनीति और बीबीएमबी में स्थायी सदस्यता जैसे लंबित मामलों को मजबूती से उठाने की तैयारी में है।पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश लगातार अपने हितों से जुड़े मुद्दे परिषद के समक्ष उठाता रहा है। इस बार भी बैठक में जम्मू–कश्मीर और लद्दाख के साथ सीमा विवाद, परवाणू क्षेत्र में हरियाणा के साथ लंबित सीमा निर्धारण, भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) में राज्य की स्थायी सदस्यता और देनदारी के मामलों को प्रमुखता से उठाएगा। नशा तस्करी को लेकर प्रदेश बार–बार चिंता जता चुका है, लेकिन पड़ोसी राज्यों की ओर से ठोस कार्रवाई न होने पर अब हिमाचल आक्रामक नीति की ओर बढ़ रहा है। बैठक में संयुक्त कार्ययोजना बनाने का आग्रह किया जाए। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कांग्रेस आलाकमान से भी मुलाकात करेंगे।</u>*

आकाशवाणी समाचार के लिए शिमला से योगराज शर्मा......

सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 19 नवंबर को पीएम–किसान योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। इस किस्त के साथ, इस योजना के अंतर्गत देश भर के 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 3 लाख 70 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे खाते में भेज दी जाएगी। इस योजना में किसान परिवारों को सालाना छह हज़ार रुपये दिए जाते हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण कार्यक्रमों में से एक है। इस योजना का 25 प्रतिशत से अधिक लाभ अब महिला किसानों को मिल रहा है। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि डिजिटल सुधारों ने इस योजना को काफ़ी मज़बूत किया है।

सरदार पटेल

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की एक सौ 50वीं जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में पदयात्रा अभियान शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति और एकता की भावना को मजबूत करना है। इसी कड़ी में हिमाचल में भी अनेक पद यात्राएं हो चुकी हैं और शिमला ज़िले में कल 17 और 19 नवम्बर को पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। युवा मामले व खेल मंत्रालय के शिमला ज़िला युवा अधिकारी विपिन कुमार ने बताया कि इन पदयात्राओं से युवाओं का चयन राष्ट्रीय पदयात्रा के लिए किया जाएगा।